आदरणीय बंधुवर,

प्रांतीय अभिलेखागार को अंतिम स्वरूप में प्रकाशन की दृष्टि से लोक शिक्षा समिति, बिहार के द्वारा प्रांतीय अभिलेखागार कार्यशाला सरस्वती विद्या मंदिर, बाघमारा, पूर्णिया में दिनांक 25 जुलाई-2026 प्रातः 10 बजे से 27 जुलाई-2026 को सायं 05:00 बजे तक आयोजित है | प्रकाशन की दृष्टि से विद्यालयों से सम्बंधित आवश्यक दस्तावेज़ एवं सभी सूचनाएं कार्यशाला में अपेक्षित है| अभिलेखागार कार्यशाला हेतु निम्नलिखित सूचनाएं सभी विद्यालयों द्वारा अनिवार्य है :-

(क) विभाग के विद्यालयों की विस्तृत जानकारी |

(ख) विभाग के धार्मिक, आर्थिक, सांस्कृतिक व ऐतिहासिक स्थलों का अभिलेख |

(ग) प्रांतीय, क्षेत्रीय व अखिल भारतीय स्तर पर विविध उपलब्धियों का विस्तृत विवरण |

(घ) पूर्व छात्र जो प्रशासनिक, आर्थिक व सांस्कृतिक दृष्टि से श्रेष्ठ स्थानों एवं पदों पर आसीन हैं, उनका विवरण, इंटरव्यू, साक्षात्कार व वार्ता का क्लिप आदि |

(ङ) संस्थापक सदस्यों, आचार्यों का अनुभव विवरण व साक्षात्कार |

(च) विभाग में चल रहे तथा बंद विद्यालयों का विवरण |

(छ) CBSE, SGFI एवं बिहार बोर्ड में अपनी उपलब्धियों का विवरण |

(ज) विभाग के विद्यालयों के कॉफ़ी टेबल बुक की प्रति साथ लायें |

(झ) अभिलेखागार से सम्बंधित संलग्न अखिल भारतीय आधार पत्रक के अनुसार जानकारी |

अपने-अपने विभाग के विद्यालयों के अभिलेख को हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी में लेकर उपस्थित होंवे, ताकि समय पर सभी विद्यालयों का अभिलेख संचित किया जा सके |

शेष शुभ,